जीवन ये मेरा मुझको तेरे नाम ही करना है

जीवन ये मेरा मुझको तेरे नाम ही करना है,
तेरे कदमो में जीना है तेरे कदमो में मरणा है,
जीवन ये मेरा मुझको तेरे नाम ही करना है,

किसको परवाह है मेरे श्याम इस जमाने की,
तू साथ है मेरे तो किस बात का डरना है,
जीवन ये मेरा मुझको तेरे नाम ही करना है,

घर से जब निकला था ये सोच के निकला था,
हर हाल में अब मुझको मेरे श्याम से मिलना है,
जीवन ये मेरा मुझको तेरे नाम ही करना है,

ये मिलन ही है मेरे श्याम कितना प्यारा है,
मैं प्रेम का प्यासा हु तू प्रेम का झरना है,
जीवन ये मेरा मुझको तेरे नाम ही करना है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16542/title/jeewna-ye-mera-mujhko-tere-naam-hi-karna-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |